Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue regarding problem of potable water in Firojabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका अति आभारी हूँ कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया । मैं उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ । मेरे लोक सभा क्षेत्र फिरोजाबाद की टुंडला विधान सभा क्षेत्र में मण्डल नारखी व मण्डल टुंडला पानी की समस्या से अत्यधिक परेशान है । यहाँ का पानी खारा है तथा यहां के बाशिंदे खारा पानी पीने के लिए बाध्य हैं । इन मण्डलों के 50-60 गाँव तो ऐसे हैं, जिनमें खारा पानी इतना कड़वा है कि कुल्ला करना भी असम्भव है । इस फ्लोराइड युक्त पानी को पीने से अधिकांश नर-नारियों की हड्डियाँ टेढ़ी हो गई हैं, जिससे वे चलने-फिरने में असमर्थ है । वे अपने दैनिक जीवन के कामकाज को भी सम्पन्न करने में असमर्थ हैं । यहां के बाशिंदे मीठे पानी की एक-एक बूंद पाने को तरस रहे हैं । मीठा पानी मीलों दूर से लाना पड़ता है । उनका अधिकांश समय पानी की व्यवस्था में ही लग जाता है और वह कृषि कार्य करने के बेशकीमती समय को यूं ही बर्बाद करने के लिए बाध्य हो रहे हैं । इस कारण उनके विकास की गति भी अति धीमी हो गई है । इसके साथ ही यहां पानी का जलस्तर अत्यधिक गिर गया है, जिससे हैंड पम्प ने पानी देना बंद कर दिया है । पानी की किल्लत के कारण त्राहि-त्राहि मची हुई है । विधान सभा क्षेत्र टुण्डला से सिरसा नदी व सेंगर नदी गुजरती है । ये दोनों नदियां वर्षों से सूखी पड़ी हैं । इन दोनों नदियों में पानी छोड़ने के कई बार प्रयास किए गए, लेकिन अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण हाथरस माइनर से पानी नहीं छोड़ा जा सका । अगर इन नदियों में हाथरस माइनर से पानी छोड़ दिया जाए तो कुछ हद तक पानी की समस्या हल हो सकती है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से गुजारिश करता हूँ कि मेरे लोक सभा क्षेत्र फिरोजाबाद की पानी की समस्या

का शीघ्र निराकरण करें, जिससे यहां के बाशिंदे अपने नारकीय जीवन से बाहर आएं, अमन-चैन का जीवन व्यतीत करें तथा खुशहाली का इज़हार करें । धन्यवाद ।